# BSF Recruitment

# हेड कांस्टेबल के 1072 पदों पर भर्ती के लिए 12 जून तक कर सकेंगे आवेदन

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने हेड कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) और हेड कांस्टेबल (रेडियो मेकेनिक) के पदों पर भर्तियां निकाली हैं। कुल 1072 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों पर पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन करने के योग्य हैं। इन पदों के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया 14 मई 2019 से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून 2019 है। हर तरह के आरक्षण और आयु सीमा में छूट का लाभ केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार दिया जाएगा। रिक्त पदों, योग्यता, चयन और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां इस प्रकार हैं:

## हेड कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर), कुल पद : 300

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से दसवीं की परीक्षा पास होना चाहिए।

- इसके साथ ही रेडियो एंड टेलिविजन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट/डाटा प्रिपरेशन एंड कंप्यूटर सॉफ्टवेयर/जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स/डाटा एंट्री ऑपरेटर में मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्षीय आईटीआई डिप्लोमा प्राप्त हो। अथवा
- फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ विषयों के साथ बारहवीं की परीक्षा न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ पास की हो।

## हेड कांस्टेबल (रेडियो मेकेनिक), कुल पद: 772

**योग्यता :** दसवीं की परीक्षा पास होने के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से रेडियो एंड टेलिविजन/जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट/डाटा प्रिपरेशन एंड कंप्यूटर सॉफ्टवेयर/इलेक्ट्रिशियन/फिटर/इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम मेंटिनेंस/कंप्यूटर हार्डवेयर/नेटवर्क टेक्निशियन/मेक्ट्रोनिक्स अथवा डाटा एंट्री ऑपरेटर में दो वर्षीय आईटीआई डिप्लोमा प्राप्त हो। अथवा

- मान्यता प्राप्त स्कूली शिक्षा बोर्ड से फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ विषयों के साथ बारहवीं की परीक्षा न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए।

**आयु सीमाः** न्यूनतम 18 और अधिकतम 25 वर्ष। आयु की गणना 12 जून 2019 के आधार पर की जाएगी।

- अधिकतम आयु में एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों को पांच वर्ष और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

**वेतनमान (उपरोक्त दो पद) :** 25,500 से 81,100 रुपए। इसके साथ अन्य भत्तों का लाभ भी मिलेगा।

**चयन प्रक्रिया :** उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक मापदंड परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, डिस्क्रिप्टिव टेस्ट और मेडिकल परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

- पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी। इसके लिए कुल 200 अंक निर्धारित किए गए हैं।
- परीक्षा ओएमआर आधारित होगी और इसमें कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।
- इस परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स, अंग्रेजी और जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे जाएंगे और इसके लिए उम्मीदवारों को तीन घंटे का समय दिया जाएगा।
- परीक्षा के दौरान निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था लागू होगी। हर गलत उत्तर पर एक चौथाई अंक काट दिए जाएंगे।
- लिखित परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता और शारीरिक मापदंड परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**शारीरिक मापदंड परीक्षा का स्वरूप**

### लंबाई

**पुरुष उम्मीदवार :** 168 सेंटीमीटर

**महिला उम्मीदवार :** 157 सेंटीमीटर

### सीना

**पुरुष उम्मीदवार :** 80 सेंटीमीटर (फुलाव के बाद 85 सेंटीमीटर)

**शारीरिक दक्षता परीक्षा का स्वरूप**

### पुरुषों के लिए

**दौड़ :** 1.6 किलोमीटर की दौड़ 6.5 मिनट में पूरी करनी होगी।

**लंबी कूद :** 3.65 मीटर तीन प्रयासों में।

**ऊंची कूद :** 1.2 मीटर तीन प्रयासों में।

### महिलाओं के लिए

**दौड़ :** 800 मीटर की दौड़ चार मिनट में पूरी करनी होगी।

**लंबी कूद :** 09 फीट मीटर तीन प्रयासों में।

**ऊंची कूद :** तीन फीट मीटर तीन प्रयासों में।

- शारीरिक मापदंड और दक्षता परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।
- इसके बाद उम्मीदवारों को तीसरे चरण में डिस्क्रिप्टिव टेस्ट देना होगा। यह परीक्षा कुल 150 अंकों की निर्धारित होगी।
- इस परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को दो घंटे 30 मिनट का समय दिया जाएगा।
- इस परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ, लॉजिकल रीजनिंग और अंग्रेजी के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- इस परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को डिक्टेशन टेस्ट और पैराग्राफ रीडिंग करना होगा। डिक्टेशन टेस्ट के लिए 50 अंक निर्धारित हैं।
- इसमें पास होने वाले उम्मीदवारों का मेडिकल परीक्षण कर अंतिम चयन किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 100 रुपए।
- एससी/एसटी और महिला उम्मीदवारों को इन पदों पर आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से इंटरनेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड अथवा भीम-पे के जरिए कर सकते हैं।

### आवेदन प्रक्रिया

- इच्छुक उम्मीदवारों को सबसे पहले बीएसएफ की वेबसाइट (www.bsf.nic.in) पर लॉगइन करना होगा।
- होमपेज खुलने पर नीचे की ओर दिए गए रिक्रूटमेंट ऑप्शन पर क्लिक करें। ऐसा करते ही एक नया वेबपेज खुल जाएगा।
- इस पेज पर रिफ्रेश नंबर सेक्शन में BSF L/No. 18/09/2019/C-Rectt/BSF4114-4405 लिंक दिया गया है।
- इस लिंक पर क्लिक करें। क्लिक करने पर रिक्तियों से संबंधित जारी किया गया विस्तृत विज्ञापन आपकी कंप्यूटर स्क्रीन पर खुल जाएगा।
- इस विज्ञापन को अच्छी तरह से पढ़ें और पदों के अनुसार अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- इसके बाद 14 मई 2019 से आवेदन शुरू होने पर विज्ञापन में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करें।
- ध्यान रहे ऑनलाइन आवेदन करते समय फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन कॉपी निर्धारित साइज के अनुसार ही अपलोड करें।
- अंत में ऑनलाइन आवेदन पत्र सब्मिट करने के बाद इसका एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

### महत्वपूर्ण तिथियां

**ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि :** 14 मई 2019

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 12 जून 2019

**ऑनलाइन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि :** 12 जून 2019

**अधिक जानकारी यहां**

वेबसाइट : www.bsf.nic.in

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# राजस्थान में शिक्षक, स्टोर कीपर समेत कई पदों पर होंगी भर्तियां

राजस्थान में रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर ने विभिन्न पदों पर कुल 14 रिक्तियां निकाली हैं। इनमें प्राइमरी टीचर, टीजीटी, स्टोर कीपर ग्रेड-II और डब्ल्यूईटी के पद शामिल हैं। पदों को अनुबंध के आधार पर भरा जाएगा। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 06 से 08 मई को होने वाले इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। पद, योग्यता और इंटरव्यू से जुड़ी अन्य सभी जानकारियां इस प्रकार है-

## प्राइमरी टीचर, पद : 06

**योग्यता :** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ सीनियर सेकंडरी या समकक्ष परीक्षा पास हो।

- एलीमेंट्री एजुकेशन में दो वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त हो। या
- एलीमेंट्री एजुकेशन में चार वर्षीय बैचलर डिग्री प्राप्त हो। या
- स्पेशल एजुकेशन में दो साल का डिप्लोमा प्राप्त हो। या
- बैचलर डिग्री के साथ एलीमेंट्री एजुकेशन में दो वर्ष का डिप्लोमा प्राप्त हो। या
- न्यूनतम 50प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर डिग्री प्राप्त हो। साथ ही बीएड डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।
- हिंदी और इंग्लिश माध्यम में पढ़ाने में माहिर हो।

**वेतनमान :** 21,250 रुपए।

**आयु सीमा :** अधिकतम 30 वर्ष।

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 06 मई (सुबह 10 बजे)

## टीजीटी (होम साइंस), पद : 01

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 07 मई (सुबह 10 बजे)

**टीजीटी (एग्रीकल्चर), पद :** 01

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 07 मई (सुबह 11 बजे)

**टीजीटी (इंग्लिश), पद :** 02

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 07 मई (दोपहर 12 बजे)

**टीजीटी (कम्प्यूटर साइंस), पद :** 01

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 08 मई (सुबह 10 बजे)

## योग्यता (उपरोक्त चार पद)

- न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इंग्लिश/ होम साइंस/ एग्रीकल्चर/ कंप्यूटर साइंस विषय में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड डिग्री कोर्स किया हो। या
- न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर डिग्री के साथ संबंधित विषय में बीएड डिग्री प्राप्त हो।
- टीजीटी (कंप्यूटर साइंस) के पद के लिए बीएड डिग्री आवश्यक नहीं है।
- हिंदी और इंग्लिश माध्यम में पढ़ाने में माहिर हो।

**वेतनमान (उपरोक्त चार पद) :** 26,250 रुपए।

आयु सीमा (उपरोक्त चार पद) : अधिकतम 35 वर्ष।

## स्टोर कीपर ग्रेड-II, पद : 01

योग्यता : मान्यता प्राप्त संस्थान से बारहवीं या समकक्ष परीक्षा पास होने के साथ स्टोर कीपिंग एंड पर्चेजिंग में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा प्राप्त हो।

- संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त हो।

**वेतनमान :** 23,000 रुपए।

**आयु सीमा :** अधिकतम 27 वर्ष।

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 07 मई (दोपहर 3.30 बजे)

**डब्ल्यूईटी (वुड वर्क), पद :** 01

**योग्यता :** टेक्नोलॉजी एजुकेशन में बीएससी डिग्री प्राप्त हो। या

- संबंधित ट्रेड में बैचलर डिग्री प्राप्त हो। या
- हायर सेकंडरी/ सीनियर सेकेंडरी के बाद संबंधित ट्रेड में तीन वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त हो।

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 07 मई (दोपहर 3 बजे)

## डब्ल्यूईटी (ईटी लैब), पद : 01

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से एमसीए/ कंप्यूटर साइंस में एमएससी डिग्री प्राप्त हो।

ऑडियो और वीडियो उपकरण संभालने का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान (उपरोक्त दो पद) :** 26,250 रुपए।

**आयु सीमा (उपरोक्त दो पद) :** 35 वर्ष।

**वॉक-इन-इंटरव्यू की निर्धारित तिथि :** 08 मई (सुबह 11 बजे)

**चयन प्रक्रिया :** योग्य उम्मीदवारों का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा।

**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट (http://rieajmer.raj.nic.in) पर लॉग इन करें।

- ऐसा करने पर नए वेबपेज पर रिक्तियों से संबंधित जारी किया गया विज्ञापन खुल जाएगा। इसे ध्यान से पढ़ें और पदों के अनुसार अपनी योग्यता की जांच करें।
- विज्ञापन में दिए आवेदन फॉर्म को डाउनलोड करके ए4 साइज के पेपर पर प्रिंटआउट निकालें।
- इसे विज्ञापन में दिए दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरा भरें। अब आवेदन फॉर्म और सभी जरूरी दस्तावेजों की मूल प्रति सहित सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपी इंटरव्यू के दिन अपने साथ लेकर जाएं।

### यहां होगा इंटरव्यू

रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (एनसीईआरटी), कैप्टन डीपी चौधरी मार्ग, अजमेर, राजस्थान-305004

### अधिक जानकारी यहां

**वेबसाइट :** http://rieajmer.raj.nic.in

